तापमान
अधिकतम 45.6 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 21 मई 2025

12 सात करोड़ की लागत से नए बस अड्डे का होगा निर्माण



12 छात्रों को नशे के खिलाफ दिलवाई गई शपथ



## खबर संक्षेप

### कुवि ने घोषित किए 12 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 12 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एम.एससी. (ऑनर्स) अर्थशास्त्र प्रथम सेमेस्टर,. एमसीए प्रथम सेमेस्टर (रि-अपीयर), एमसीए तृतीय सेमेस्टर पुराना एनईपी (रि-अपीयर), आदि परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए हैं।

### युवक की फर्जी शादी करवाने वाला पकड़ा

**पानीपत।** थाना सेक्टर 13/17 पुलिस ने हुडा सेक्टर छह की न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी युवक की फर्जी शादी करवा ठगी करने वाले गिरोह के आरोपी नूरवाला स्थित धमीजा कॉलोनी निवासी पप्पू को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि इस मामले में सुनील की शिकायत पर केस दर्ज है।

### तीन दुकानदारों के साथ ठगी, मामला दर्ज

**पानीपत।** चौड़ा बाजार में तीन दुकानदारों दीपक कुमार निवासी गुरूनानकपुरा, कच्चा कैंप, जतिन निवासी हरिबाग कॉलोनी व आशु निवासी शांति नगर की दुकान से दो युवकों ने हजारों रूपये के सामान की खरीद की और फर्जी पेमेंट का स्क्रीनशॉट दिखाकर ठग फरार हो गए। इधर, सिटी थाना पुलिस ने दुकानदार दीपक कुमार की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### देसी पिस्तौल के साथ आरोपी पकड़ा, रिमांड पर लिया

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने काला आंब मोड़ पर समीर पुत्र कुर्बान निवासी गंदराउ जिला शामली उत्तर प्रदेश को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी पर थाना चांदनी बाग में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। वहीं कोर्ट में पेश कर आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है

### युवक ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** शहर की एक कालोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 14 वर्षीय भांजी उनके घर में रहती है। 18 मई को देव नामक युवक उसकी भांजी को अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गया। जहां आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। जब उसकी भांजी ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। उसकी भांजी ने उसे घटना के बारे में बताया।

### मारपीट करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** कुराना गांव में खेत से घर लौट रहे दो सगे भाइयों सतीश व जगदीश पर चाकू व डंडों से वार कर गंभीर चोट मारने के दो आरोपियों जसवंत व सोनू को गिरफ्तार किया है। उरलाना चौकी इंचार्ज एएसआई अनिल ने बताया कि सतीश निवासी कुराना की शिकायत पर केस दर्ज है।

### उद्घाटन समारोह को लेकर डीसी व एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया दौरा

# जेल प्रशिक्षण अकादमी करनाल का आज मुख्यमंत्री सैनी करेंगे उद्घाटन

**कैबिनेट जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भी रहेंगे कार्यक्रम में उपस्थित**

- अधिकारियों ने सुरक्षा प्रबंधों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 21 मई को सुबह 11 बजे जिला में कैथल रोड पर केंद्रीय विद्यालय के नजदीक करीब 30 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित जेल प्रशिक्षण अकादमी का उद्घाटन करेंगे।

इस अवसर पर हरियाणा के सहकारिता, जेल एवं पर्यटन कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा की कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इसके अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। उद्घाटन समारोह के सफल आयोजन को लेकर डीसी उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने अधिकारियों की टीम के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और प्रबंधों का जायजा लिया तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा भव्य ढंग से की जाए और पीने के पानी, शौचालय तथा पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए। बता दें कि हरियाणा सरकार ने करनाल जिला में जेल प्रशिक्षण अकादमी स्थापित करके जेल विभाग के प्रशिक्षुओं के लिए बहुत बड़ी सौगात दी है। अकादमी का भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इसमें प्रशासनिक ब्लॉक, प्रशिक्षण छात्रावास, अधिकारी संस्थान, प्रधान निवास, टाईप 3 के 12 घर, टाइप 2 के 8 घर, एक गार्ड रूम, एक इलैक्ट्रिक सब-स्टेशन की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा अकादमी में 0.40 एमएलडी क्षमता का एसटीपी, एक पंप कमरा, सडक़ और पार्किंग, बागवानी/ भूनिर्माण कार्य, स्टॉर्म एवं सीवर लाइन, नलकूप, भूमिगत जल टैंक और सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

इस मौके पर जेल अधीक्षक लखबीर सिंह, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, डीएसपी नायब सिंह, लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग तथा जेल विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



करनाल। कार्यक्रम स्थल का दौरा करते डीसी व एसपी।

**प्रशिक्षुओं को सुविधा**

जेल विभाग के प्रशिक्षुओं को अब प्रशिक्षण के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। करनाल जेल अकादमी लगभग 7.5 एकड़ में स्थापित की गई है। इस परियोजना पर अनुमानित लागत 30.29 करोड़ रुपये की राशि खर्च हुई है। इस अकादमी में एक बार में ही 134 प्रशिक्षु प्रशिक्षण ले सकेंगे।

# सत्य की राह पर चलने से मिलेगा सुख : धीरेंद्र शास्त्री



**पानीपत।** बागेश्वर सरकार धाम के संत पंडित धीरेंद्र शास्त्री, पंडित विजय वशिष्ठ को पगडी पहना कर सम्मानित करते हुए।

- बागेश्वर सरकार धाम के संत ने श्री हनुमंत कथा को दिया विराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

बागेश्वर सरकार धाम के संत पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हर नागरिक को अपने जीवन में सत कर्म करने चाहिए। वहीं हर नागरिक को अपने देश, मानवता व समाज की निष्काम सेवा करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सत्य की राह कठिन जरूरी होती है, वहीं इंसान को सुख व समृद्धि देती है। जबकि पाप का रास्ता इंसान को बदनामी व नर्क की ओर ले जाता है। पाप कर्म की कमाई का भोग करने वाले भी पाप के भागी होते है। बागेश्वर सरकार धाम के संत पंडित धीरेंद्र शास्त्री, श्री हनुमंत कथा को विराम देते हुए पंडाल में उमडी श्रद्धालुओं की भीड को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में सनातन धर्म को मजबूत बनाना है। वे इसके प्रचार को निकले हैं। अब लोगों को भी इसे मजबूत करने के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि अमीरों के तो हजारों लोग होते हैं लेकिन गरीब का भगवान ही होता है। वहीं हर नागरिक को जगदीश को अपना बनाना होगा। इससे जीवन खुशहाल बन जाएगा। जिंदगी में खट्टा-मीठा, हंसना-रोना सभी भाव का होना जरूरी है। दुख का झूला जीतना पीछे जाएगा सुख का झूला उतना ही आगे आएगा।

# पंचायती जमीन पर कब्जा लेने का प्रयास, जांच टीम से भिड़े ग्रामीण

- सालों से जमीन को लेकर चल रहा विवाद, छह ग्रामीण पकड़े
- स्कूल के लिए प्रस्तावित बताई ज रही है जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांव बलाना में पंचायती जमीन से कब्जा छुड़वाने पहुंची टीम का ग्रामीणों से विवाद हो गया। इस दौरान भारी पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। महिलाओं व पुरुषों ने डंडे लेकर अधिकारियों को धमकाने का प्रयास किया।

विवाद इतना बढ़ गया कि अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर महिलाओं सहित छह ग्रामीणों को पुलिस अपने साथ ले गई। लंबे समय से बलाना गांव में पंचायती जमीन पर कब्जा है। इस जगह पर स्कूल बनाया जाना है। जिसको लेकर मंगलवार को पंचायती राज के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। मगर यहां पहुंचते ही ग्रामीणों ने अधिकारियों की टीम का विरोध कर दिया। जिस जमीन को लेकर विवाद चल रहा है यह पंचायती बताई जा रही है। मगर इस जमीन पर सालों से ग्रामीणों ने कब्जा जमाया हुआ है। अदालत ने पंचायत के हक में जमीन को लेकर फैसला सुनाया है। अब इस जमीन पर प्रशासन की ओर से कब्जा लेने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि कब्जाधारी ग्रामीण इस फैसले से खुश नहीं है।जब प्रशासन की टीम इस जमीन पर कब्जा लेने पहुंची तो ग्रामीण डंडे व हथियार लेकर मौके पर आ गए। महिलाओं ने भी ईंट व पत्थर उठाकर टीम पर हमला करने का प्रयास किया।

# शॉर्ट सर्किट से इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में लगी आग


- दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के वर्कशॉप रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

आग लगने के मुख्य कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है मगर आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण दुकान में आग लगी है। दुकान के मालिक विरेंद्र सिंह ने बताया कि उसकी गुरु तेग बहादुर चौक के पास गली में विरेंद्रा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल के नाम से तीन मंजिल की इन्वर्टर और बैटरी की दुकान है। ग्राउंड फ्लोर पर इन्वर्टर और बैटरियों सहित अन्य बिजली के अन्य उपकरण भी रखे हैं। वहीं ऊपर की मंजिलों पर रिपेयरिंग का सामान और काफी संख्या में स्क्रैप रखा हुआ है। वह रात को आठ बजे अपनी दुकान को अच्छे से ताला लगाकर गया था। सुबह आठ बजे उसके पास एक जानकार का फोन आया कि उसकी दुकान से काफी धुआं निकल रहा है। वह मौके पर पहुंचा और देखा की ऊपर के फ्लोर में भयंकर आग लगी हुई है। उसने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया।

ऊपर के दो फ्लोर में आग की लपटें उठ रही थीं। दमकल कर्मियों ने तुरंत सीढ़ी लगाकर ऊपर के फ्लोर तक पाइप पहुंचाए और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है



यमुनानगर। वर्कशॉप रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी।

# नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद

- अदालत ने 269 दिनों में दिया एक बेटी को इंसाफ : टंडन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने के आरोपी पिता को अदालत ने बीस साल की सजा सुनाई है। मामले में पोक्सो कोर्ट ने मात्र 269 दिनों में न्याय देने का कार्य किया है।

जानकारी के मुताबिक अगस्त 2024 में यूपी निवासी एक महिला ने शहर जगाधरी पुलिस में शिकायत दी थी कि वह 15 साल पहले परिवार के साथ मेहनत मजदूरी करने के लिए जगाधरी आए थे। अब वह अपने पति प्रिंस व चार बच्चों के साथ जगाधरी की कालोनी में किराये के मकान में रह रहे हैं। उसके पास दो बेटी व दो बेटे हैं। आरोप है कि पति शराब पीने का आदी है। 15 जुलाई को वह काम पर गई थी। जब वापस लौटी तो उनकी बेटी गुमशुम थी। उस समय अधिक ध्यान नहीं दिया। बाद में कई दिन तक बेटी गुमशुम रही तो उससे बात की। तब बेटी ने बताया कि नशे में पिता ने उसके साथ गलत काम किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। वह गर्भवती हो गई थी। उस समय उसकी उम्र मात्र 16 साल थी और वह आठवीं कक्षा की छात्रा थी। पुलिस ने 24 अगस्त को आरोपी पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था। उसी दिन से अदालत में मामले की सुनवाई चल रही थी। मामले की सुनवाई पूरी होने पर अदालत ने आरोपी को दोषी मानते हुए बीस साल की सजा सुनाई।

# कुवि के छात्रों ने की फिल्म सहायता वितरण कार्यक्रम की डाक्यूमेंटेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के विद्यार्थियों को गत दिवस सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा निवास, चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम डिस्बर्सल ऑफ इंसेंटिव टू फिल्म प्रोड्यूसर्स कार्यक्रम की डाक्यूमेंटेशन का मौका मिला।

इस मौके पर विभाग के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, रील, डॉक्यूमेंट्री बनाकर कौशलता का परिचय दिया। यह कार्यक्रम हरियाणा फिल्म एंड एंटरटेनमेंट पॉलसी-2022 के तहत हुआ जिसमें हरियाणवी फिल्म निमार्ताओं, कलाकारों को सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया गया। जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, के कार्यक्रम में सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ कार्य करना विद्यार्थियों की प्रतिभाओं का सफल कार्यान्वयन है। कार्यक्रम में विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, शिक्षक डॉ. अभिनव सहित अनेक विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।




# चलती स्कूटी में लगी आग मां और बेटी बाल-बाल बचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिले में मंगलवार दोपहर एक महिला शिक्षक और उनकी बेटी के साथ बड़ा हादसा होते-होते टल गया। चलती स्कूटी में अचानक आग लग गई। स्कूटी सवार शिक्षिका मीना कुमारी अपनी बेटी को लेकर स्कूल से घर लौट रही थीं, जब अचानक स्कूटी से धुआं निकलने लगा। उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए स्कूटी को तुरंत सड़क के किनारे रोका और कुछ ही मिनटों में स्कूटी ने आग पकड़ ली।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी में तेज आवाज के साथ आग भड़की। लेकिन समय रहते दोनों सवार सुरक्षित उतर गईं जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। आग बुझाई गई, लेकिन तब तक स्कूटी पूरी तरह से जल चुकी थी। डायल 112 के इंचार्ज दिलबाग सिंह ने बताया कि आग लगने के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। फिलहाल राहत की बात यह है कि कोई भी झुलसा नहीं है। आग लगने के कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही की जा सकेगी।

**ढाई साल पहले खरीदी**

पीड़ित महिला टीचर ने जानकारी दी कि उन्होंने ढाई साल पहले टीवीएस कंपनी की जुपिटर स्कूटी खरीदी थी। घटना दोपहर करीब तीन बजे की है जब वे स्कूल से छुट्टी के बाद अपनी बेटी के साथ लौट रही थीं। इस बारे में एजेंसी के मालिक निशांत कुमार ने बताया कि ऐसी घटनाओं के पीछे गर्मी, शॉर्ट सर्किट, बैटरी की खराबी या ईंधन रिसाव जैसे कई कारण हो सकते हैं।

# धूमधाम से मनाया जाएगा गंगा दशहरा पर्व : अवस्थी

**रादौर।** रादौर क्षेत्र में यमुना नदी के घाटों व पश्चिमी यमुना नहर के प्राचीन कच्चा घाट पर 4 जून को गंगा दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान हजारों श्रद्धालु यमुना नदी के घाटों व कच्चा घाट पर स्नान आदि कर पूजा अर्चना करेंगे। यमुना नदी के गुमथला घाट समेत अन्य घाटों पर मेले का भी आयोजन किया जाएगा।

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर कच्चा घाट रादौर के पुजारी कमलेश अवस्थी ने बताया कि हर वर्ष गंगा दशहरा पर्व पर पश्चिमी यमुना नहर के कच्चे व पक्के घाटों पर लोग पूजा अर्चना करते हैं। वहीं, यमुनानदी के गुमथला घाट पर मेला लगता है। जिसमें हजारों लोग पश्चिमी यमुना नहर व यमुनानदी के घाटों पर डुबकियां लगाकर स्नान करते हैं। सभी अपने घर पर रहकर सामाजिक दूरी का पालन करते हुए धार्मिक अनुष्ठान करें। गांव गुमथला में आयोजित होने वाला एक दिवसीय ऐतिहासिक गंगा दशहरा मेला बहुत विख्यात है।

उन्होंने बताया कि गंगा दशहरे के अवसर पर हर वर्ष गांव गुमथला में स्थित बाबा गंगाराम की समाध पर आयोजित होने वाले मेले में लगभग हजारों श्रद्धालु क्षेत्र के अलावा हरियाणा व उत्तरप्रदेश से भाग लेने पहुंचते हैं। हजारो की संख्या में लोग गंगा दशहरा पर्व पर यमुनानदी के गुमथला, लाल छप्पर, उन्हेड़ी, जठलाना, संधाला व नगली घाटों पर स्नान कर अपने परिवारों की सुख शांति की कामना करेंगे।



रादौर क्षेत्र में यमुना नदी व पश्चिमी यमुना नहर के पक्का घाट पर जुटेंगे हजारों श्रद्धालु

### 36 पंचों के साथ चुने जाएंगे पांच नए सरपंच

**अंबाला।** जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि जिले में पंचायत उप-चुनाव होने हैं। यह चुनाव 36 पंचों व 5 सरपंच पदों के लिए होने हैं। इसमें खंड नारायणगढ़ में सरपंच पद के लिए 2 जबकि पंच पद के लिए 13 उम्मीदवारों का चयन होना है। अंबाला प्रथम में सरपंच पद के लिए 1 जबकि पंच पद के लिए 6 का चुनाव होना है। खंड बराड़ा में सरपंच पद के लिए 1 व पंच पद के लिए 3 उम्मीदवार चुने जाने हैं। खंड साहा में पंच पद के लिए 3 जबकि शहजादपुर में सरपंच पद के लिए 1 उम्मीदवार चुना जाना है। पंच पद के लिए यहा 8 जबकि अंबाला द्वितीय में पंच पद के लिए 3 उम्मीदवारों का चुनाव होना है। इस उप चुनाव के लिए नामांकन 24 से 30 मई तक ग्राम पंचायतों में लिए जाएंगे।

### ग्रामीण युवाओं में खेलों में रुचि जगाने के लिए उठाया गया कदम

# लल्हाड़ी कलां में बनेगा आधुनिक खेल स्टेडियम

- पीडब्ल्यूडी के जूनियर इंजीनियर राजेंद्र सिंह ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार खेल प्राधिकरण द्वारा छछरौली क्षेत्र के गांव लल्हाड़ी कलां में सात एकड़ में खेल स्टेडियम बनाए जाने के लिए मंजूरी मिली है।

खेल स्टेडियम बनने से लल्हाड़ी कलां के ग्रामीण व युवा वर्ग काफी खुश दिखाई दे रहे हैं। उक्त जानकारी पीडब्ल्यूडी विभाग के जूनियर इंजीनियर राजेंद्र सिंह ने दी।पीडब्ल्यूडी के जूनियर इंजीनियर राजेंद्र सिंह ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा की तरफ से स्टेडियम बनाने के लिए दस करोड़ रुपये की राशि पीडब्ल्यूडी विभाग के खाते में पहुंच चुकी है। जिस पर पीडब्ल्यूडी विभाग ने गांव में पहुंचकर जमीन का सर्वे किया। सर्वे के बाद रिपोर्ट बनाकर खेल विभाग को भेज दी गई है। विभाग की तरफ से स्टेडियम व अन्य सुविधाओं की लिस्ट आते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। सरकार की तरफ से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए खेल स्टेडियमों का निर्माण करवाया जा रहा है। ताकि युवा खेलों के माध्यम से नशे आदि की प्रवृत्ति से बच सके। उन्होंने बताया कि फिलहाल ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों गांवों के युवाओं को खेल अभ्यास करने के लिए छछरौली या यमुनानगर जाना पड़ता है। अब लल्हाड़ी कलां में आधुनिक खेल स्टेडियम बनने से यहां क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबाल, बास्केटबॉल, कबड्डी, जिमनास्टिक, बैडमिंटन टेबल टेनिस समेत अन्य सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी।



**इन गांवों को लाभ**

लल्हाड़ी कलां के सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप कुमार ने बताया कि छछरौली के लल्हाड़ी कलां में बनने वाले आधुनिक स्टेडियम से मानकपुर, जोगीवाड़ा, पिरथीपुर, सलेमपुर कोही, नगली, राजपुर, गढ़वाली, गोराबनी, रंजीतपुर, भगवानपुर, धनोरा, कोट कलसिया, डारपुर, जाटांवाला, फकीर माजरा, ढाकवाला, सिपियांवाला, खानूवाला, लेढी, डमौली, दादूपुर सैनी व भमनोली समेत 20 किलोमीटर तक के दर्जनों गांवों के युवाओं को लाभ मिलेगा।

## खबर संक्षेप



### कर्मचारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

**करनाल।** मंगलवार को सेक्टर 12 फव्वारा पार्क पार्क में सीटू, सर्वकर्मचारी संघ, कर्मचारी कर्मचारी संघ सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की सभा हुई। सभा के अध्यक्ष सतपाल सैनी, सुशील गुर्जर व बल ने की, जबकि ऑपरेशन सेवा राम ने किया। फव्वारा पार्क से जिला सचिवालय तक प्रदर्शन कर अलग-अलग निरीक्षण अधिकारियों को नियुक्त किया गया। सीटू के वरिष्ठ नेता सतपाल पाली, सेवा राम, ओपी माता व सुशील गुर्जर ने कहा कि चार लेबर कोड रद्द किया जाए, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करो, 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन लागू करो, सहयोगीवादिनी, आशा, मिड डेमिल, सफाई कर्मचारी, ग्रामीण कर्मी, वन उद्यमियों को ओरिएंटेशन समय पर दो। इस पर ममता, कमलेश, कविता, ओपी माता, शीश पाल, सेवा राम, सतपाल सैनी, ओपी सिंहमार, रूपा राणा, बिजनेश राणा, रेखा, नरेश, सुदेश अवसर सग्गा, सर्वेश राणा, सुदेश, कविता, नीरू, जोगिन्दर, मदन, कलीराम, बलराज, सुरेंदर रावत, भाग सिंह, कामरेड जगमाल, मनोज कुमार वॉटरी ने रेटिंग दी।

### कम्युनिस्ट पार्टी का सम्मेलन 24 को

**करनाल।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 16वां जिला स्तरीय सम्मेलन 24 मई को एमसी कालोनी स्थित पार्टी कार्यालय में होगा। सम्मेलन में राज्य से दो पर्यवेक्षक कामरेड राम रतन सैनी एडवोकेट और कामरेड पवन सैनी एडवोकेट प्रमुख तौर पर भाग लेंगे। भारतीय कमुनिस्ट पार्टी जिला करनाल के सचिव कामरेड जिले सिंह पाल ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने पिछले तीन सालों में जो भी संघर्ष किए हैं उनकी गतिविधियों की रिपोर्ट सम्मेलन में पेश की जाएगी। करनाल जिले से लगभग 50 डेली गेट भाग लेंगे, जो सभी ब्रांचों से चुन कर आएंगे। रिपोर्ट पेश करने के अगले तीन साल के लिए भारतीय कमुनिस्ट पार्टी जिला कार्यकारिणी का चुनाव होगा। जिले सिंह पाल ने कहा कि पार्टी लोकतंत्र और जन वाद और सविधान में विश्वास रखती है।

### वी. सोमन्ना ने गांव अंधेड़ा में एलआर एनर्जी करनाल प्रा लि का किया दौरा

# केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्धः केंद्रीय राज्य मंत्री

केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना के बारे में विस्तार से जानकारी भी ली और आदर्श गांव के बारे में भी चर्चा की।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने मंगलवार को नीलोखेड़ी के गांव सुल्तानपुर में फाईव पोंड सिस्टम, पार्क, सामुदायिक केंद्र, ई-लाईब्रेरी और कचरा शेड का निरीक्षण किया। गांव सुल्तानपुर के ग्राम सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने कहा कि केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और स्वच्छ भारत मिशन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे भारत में चहुंमुखी विकास हो रहा है, स्वच्छता के प्रति देश में आम लोगों में जागरूकता आई है, स्वच्छता होगी तभी हम स्वस्थ होंगे। पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना के बारे में बोलते हुए कहा कि भारत की ताकत कैसी होती है इसका अहसास पड़ोसी देश को ऑपरेशन सिंदूर से पता चल गया है। कार्यक्रम में हरियाणा के ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक डॉ. जय कृष्ण आभीर ने केंद्रीय राज्य मंत्री का स्वागत करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के तहत हो रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में गांव के सरपंच जसमेर सिंह ने केंद्रीय राज्य मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि स्वच्छता व जल संचय के मानकों में बेहतरीन कार्य करने के लिए समय-समय पर राज्य व केंद्र सरकार द्वारा ग्राम पंचायत की सराहना भी की गई है। कार्यक्रम के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री ने फाईव पोंड सिस्टम, सामुदायिक केंद्र, ई-लाईब्रेरी, पार्क और कचरा शेड का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से इसके बारे में विस्तार से रिपोर्ट ली। यहां पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना के बारे में विस्तार से जानकारी भी ली और आदर्श गांव के बारे में भी चर्चा की।

#### स्वच्छता के प्रति लोगों में आई जागरूकता

इस मौके पर एलआर एनर्जी करनाल प्रा लि के डायरेक्टर गुरजीत सिंह बराड़ा ने कहा कि यह प्लांट नौ एकड़ में बना हुआ है और यह प्लांट रोजाना करीब 160 टन एग्रीवेस्ट प्रोसेस करता है। उन्होंने बताया कि इस प्लांट में 5400 किलो बायोगैस बनाते हैं जोकि इंडियन ऑयल को सप्लाई की जाती है।

उन्होंने कहा कि इस प्लांट के अंदर 20 टन रोजाना जैविक खाद बनती है जोकि किसानों को सस्ते दामों में उपलब्ध करवाई जाती है। इस मौके पर कंपनी के डायरेक्टर इनोवेशन जोत सिंह बराड़ा ने पीपीटी के माध्यम से प्लांट से संबंधित विस्तार से जानकारी दी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने यहां पर पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश भी दिया।

#### ग्राम पंचायत ने केंद्रीय राज्य मंत्री को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया

इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया तथा ग्राम पंचायत की तरफ से केंद्रीय राज्य मंत्री को शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री के निजी सचिव डॉ. शांतनु कुमार, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, डीडीपीओ हेडक्वॉर्टर दलजीत संधु, एसडीएम नीलोखेड़ी अशोक कुमार, बीडीपीओ आशुतोष, भाजपा नेता राजबीर शर्मा, पूर्व चेयरमेन ईलम सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने गांव अंधेड़ा में एलआर एनर्जी करनाल का किया दौरा :केंद्रीय राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने गांव अंधेड़ा में गोबरधन योजना के तहत एलआर एनर्जी करनाल प्रा लि के बायो सीएनजी प्लांट का निरीक्षण किया तथा प्लांट में हो रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।



## सरकारी स्कूल अलीपुर खालसा की वंशिका ने विद्यालय का किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलीपुर खालसा ,खंड घरौंडा ,जिला करनाल की कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । प्रधानाचार्य विनोद सैनी ने बताया कि कक्षा दसवीं में 38 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी ,जिसमें सभी बच्चे अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण रहे। 14 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान हासिल किया। विद्यालय की छात्रा वंशिका ने 466 (93.2%,) अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया मेघा ने 455( 91%) अंक प्राप्त कर दूसरा वह सिमरन ने 449 (89.8%) अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय के कर्मठ, मेहनती, व समर्पित अध्यापकों के परिश्रम की बदौलत लगातार दूसरी बार विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा ।

सभी शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर तनु गुप्ता, बलदेव शर्मा, दीपक , सुरेश कुमार, विपिन, सुभाष शर्मा, जतन कुमार, स्मृति, किरण, सोनिया, पिंकी, प्रतिभा, रविन आदि उपस्थित रहे।

## आपरेशन सिंदूर के नायकों के सम्मान में रक्तदान शिविर एक जून को लगाएंगे

**करनाल।** आपरेशन सिंदूर के नायकों को सम्मान देने के लिए रोटरी क्लब करनाल, वैश्य भवन चैरिटेबुल ट्रस्ट तथा लिबर्टीर समूह करनाल द्वारा सुयक्त रूप से एक जून को सुबह नौ बजे श्री महाराजा अग्रसैन भवन सैक्टर नौ करनाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी रोटरी क्लब की प्रधान मीनाक्षी जैन तथा वैश्य भवन चैरिटेबुल ट्रस्ट के महासचिव डा. पीके जैन ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि लिबर्टी समूह के एमडी शम्मी बंसल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पहलगांव आतकी घटना में शहीद हुए नौ सेना के अधिकारी बिनय नरवाल के पिता संजय नरवाल करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजसेवी रक्तदान करेंगे।

## विद्यार्थी देश का उज्ज्वल भविष्य,शिक्षा स्तर और बेहतर बनाने पर दिया जा रहा जोर : डॉ.सतपाल

- खंड स्तर पर ली गई स्कूलों की मीटिंग
- खंड शिक्षा अधिकारी डॉ.सतपाल सिंह बग्गा ने दिए सभी को उचित दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



**तरावड़ी।** विभिन्न स्कूलों से पहुंचे प्राचार्य एवं मुख्य अध्यापक मीटिंग

मंगलवार को खंड स्तर पर नीलोखेड़ी के खंड शिक्षा अधिकारी, डॉ. सतपाल सिंह बग्गा द्वारा विभिन्न विद्यालयों की संयुक्त मीटिंग ली गई। जिसमें उन्होंने बाल संरक्षण आयोग, हरियाणा सरकार के दिशा निर्देश अनुसार सुरक्षित वाहन पॉलिसी, हल्के स्कूल बैग, पोक्सो के तहत सुरक्षा, अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग सीखना और व्यवस्था दुरूस्त रखना, सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय समेत महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की और उचित निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी निर्देशों का सख्ती से पालन होना चाहिए, प्राइवेट स्कूलों की बसों में सभी कागजात पूरे होने चाहिएं,साथ ही अग्निशमन यंत्रों की उचित व्यवस्था के साथ-साथ बसों में एक महिला कंडक्टर, फस्ट एड बॉक्स, सुचारू सीसीटीवी कैमरा होने आवश्यक है। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के साथ-साथ विद्यार्थियों में इन विषयों पर जागरूकता भी लाना आवश्यक है। डॉ.सतपाल सिंह बग्गा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी हमारे देश का उज्ज्वल भविष्य है, हमें शिक्षा के स्तर को मजबूत और बेहतर बनाना है। शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन में बदलाव लाकर नई बुलंदियों तक लेकर जाता है। हम सबको मिलकर मेहनत और लग्न से विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बनाना है। मौके पर स्कूलों से पहुंचे प्राचार्य एवं मुख्य अध्यापक मौजूद रहे।

## लाल डोरा क्षेत्र के लोग सम्पत्ति प्रमाण पत्र के लिए कर सकेंगे आवेदनः डॉ. वैशाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- नगर निगम शुक्रवार को कोट मोहल्ला की चौपाल में लगाएगा शिविर
- शिविर का समय प्रात: 10 से 3 बजे तक दस्तावेज साथ लेकर आएं नागरिक

लाल डोरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नागरिकों के लिए अच्छी खबर है। नगर निगम करनाल आगामी 23 मई दिन शुक्रवार को वार्ड नम्बर 15 के कोट मोहल्ला की चौपाल में एक शिविर आयोजित करने जा रहा है। जिन लोगों ने अभी तक सम्पत्ति प्रमाण पत्र लेने के लिए आवेदन नहीं किया है, वह शिविर में आकर आवेदन कर सकते हैं। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से बाद दोहपर 3 बजे तक रहेगा। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि जिन नागरिकों की सम्पत्ति लाल डोरा क्षेत्र के अंतर्गत आती है, उन सम्पत्ति धारकों को हरियाणा सरकार द्वारा लागू की गई पॉलिसी के अनुसार सम्पत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाने हैं, ताकि उनकी सम्पत्ति का रिकॉर्ड राजस्व रिकॉर्ड में अपलोड किया जा सके और वह अपनी रजिस्ट्री करवा सकें। यह लाने होंगे दस्तावेज- उन्होंने बताया कि इसके लिए सम्बंधित नागरिक को राजस्व प्राधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित दावेदार का शपथपत्र जिसमें आबादी देह, लाल डोरा पर स्वामित्व या कब्जे का स्पष्ट उल्लेख हो, पिछले 10 वर्षों का बिजली व जल बिल, सरकार द्वारा जारी कोई भी दस्तावेज जैसे ईपीआईसी, ड्राईविंग लाईसेंस, पासपोर्ट, जीएसटी पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि जिसमें पता हो, पिछले 10 वर्षों के कब्जे का पता, पिछले 10 वर्षों के कब्जे का विवरण देने वाली सम्पत्ति कर रसीदें तथा निर्मित संरचना का प्रमाण जो पिछले 10 वर्षों के कब्जे का प्रमाण हो जैसे दस्तावेज लाने होंगे। इसके अतिरिक्त दावेदार के पास बिक्री विलेख/हस्तांतरण विलेख, हस्तांतरण विलेख/ त्याग विलेख/रिहाई विलेख/ जमाबंदी/फरद, राजस्व प्राधिकारियों के पास पंजीकृत न्यायालय का आदेश, रजिस्ट्री/बिक्री विलेख, इनमें से कोई भी दस्तावेज यदि उपलब्ध हो, तो वह भी उपरोक्त दस्तावेजों के साथ संलग्न कर सकते हैं। यह बात नोट करने योग्य है कि मूल मालिक की मृत्यु की स्थिति में उपरोक्त दस्तावेजों के साथ सक्षम राजस्व प्राधिकारी या सिविल न्यायालय से जारी कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र अवश्य देना होगा।



## भारत विकास परिषद् शाखा पड़वाला की ओर से वर्दी स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम

**तरावड़ी।** भारत विकास परिषद् शाखा पड़वाला द्वारा गोड सन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल रम्बा में वर्दी स्टेशनरी वितरण समारोह किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मांगें राम सिंगला व उनके सुपुत्र अनिल सिंगला उपस्थित रहे। जिसमें जरूरतमंद बच्चों को वर्दी व स्टेशनरी, किताबें वितरण की गई। कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष रामपाल लाठर ने कहा कि हमारी संस्था शहर के उद्योगपतियों के सहयोग से हमेशा जरूरतमंद बच्चों के सहयोग के लिए तत्पर रहती हैं । मुख्य अतिथि मांगें राम सिंगला व अनिल सिंगला ने कहा कि भाविप पड़वाला हमेशा सामाजिक कार्यों मे सहयोग करती हैं। हमें हमेशा ऐसी सामाजिक संस्थाओं का सहयोग करना चाहिए। मंच संचालन सचिव रणजीत भारद्वाज ने किया। स्कूल प्रिंसिपल विकास कुमार ने आए हुए सभी भाविप पड़वाला सदस्यों व मुख्य अतिथि का फूलमाला से स्वागत किया और भाविप पड़वाला के समाजिक कार्यों की प्रशंसा की ओर धन्यवाद किया। इस मौके पर अध्यक्ष रामपाल लाठर, सचिव रणजीत भारद्वाज, कोषाध्यक्ष बलजिंदर कम्बोज, शिव हरि शर्मा, महिला प्रमुख सन्तोष शर्मा, उपाध्यक्ष रमेश शर्मा, हरदीप सिंह, राकेश कुमार, मोनिका, लक्ष्मी, शीतल आदि अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कंधे से कंधा मिलाकर लडेंगे सोहाना गांव के ग्रामीणों की लड़ाईः दिलावर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



भारतीय किसान यूनियन(भाकियू) इन्द्री विकास खंड इकाई से जुडे कार्यकर्ताओं का जत्था सोहाना धरना पर नारेबाजी करते हुए अपना समर्थन देने पहुंचा। मंगलवार को पहुंचे जत्थे की अगुवाई भाकियू इन्द्री खंड के प्रधान दिलावर सिंह डबकोली व कुरूक्षेत्र जिला के प्रभारी नेकी राम मढ़ाण ने संयुक्त रूप से की। धरने पर पहुंचे जत्थे ने हमारा भाईचारा जिंदाबाद के नारे लगा कर धरने पर बैठे सोहाना गांव के ग्रामीणों में जोश भर दिया। इस मौके पर भाकियू प्रदेश संगठन सचिव शाम सिंह मान, जिला प्रचाार मंत्री सतबीर सिंह मढाण, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान विशेष तौर पर मौजूद रहे। भाकियू के बैनर तले गांव सोहाना गांव के रकबे में चल रहा धरना सातवें दिन में प्रवेश कर गया है। बुद्धवार को विकास खंड निसिंग इकाई के भाकियू पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का जत्था धरने पर पहुंच कर समर्थन देने पहुंचेगा। निर्माणाधीन करनाल रिंग रोड़ पर रास्ता बनाए जाने की मांग को लेकर लगातार ग्रामीण धरने पर डटे हुए है। जत्थे की अगुवाई कर रहे किसान नेता नेकी राम मढ़ाण व दिलावर सिंह डबकोली ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि रास्ते की मांग पूरी होंने तक भाकियू का एक एक कार्यकर्ता आंदोलनकारी ग्रामीणों के साथ कंधा से कंधा मिला कर मजबूती के साथ खड़ा है। हरियाणा सरकार द्वारा जब तक करनाल रिंग रोड़ पर रास्ते को बनाया नहीं जाता तब तक हरहाल में भाकियू के बैनर तले शांति पूर्ण तरीके से आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर भाकियू कार्यालय सचिव राजकुमार नौतना, नेकीराम गढ़ी बीरबल, सतबीर, राम किशन, रतनलाल, सतीश कुमार रींडल, राजपाल रींडल, दिलावर सिंह, जगमाल डबकोली, विरेंद्र सिंह, चूहड सिंह, जोगिंद्र सिंह, संजीव कुमार में शामिल रहे।



## मेरा मिशन स्वस्थ भारतः योग कार्यशाला में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें

करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मीडिया प्रभारी निधि गुप्ता ने जानकारी दी कि 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर दिनांक 21 मई से 21 जून तक विशेष योग शिविर का आयोजन शहर के विभिन्न सेक्टरो में मिशन द्वारा संचालित 20 कक्षाओं में किया जा रहा है। मिशन की सभी टीमें इससे संबंधित कार्य में जुट गई है। हरियाणा सरकार और आयुष विभाग के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सहयोग करते हुए मिशन की टीम द्वारा योग करवाया जाएगा। इस योग कार्यशाला में अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। दिनेश गुलाटी ने बताया कि मिशन की सभी 20 कक्षाओं के सदस्य इसमें भाग लेंगे। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यशाला से जुड़ने का आवाहन किया। बच्चे, बूढ़े, महिला, पुरुष हर वर्ष उत्साह और उल्लास के साथ शिविर में भाग लेते हैं और इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को एक यादगार रूप से मनाया जाएगा।

## युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया, शपथ भी दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा बस अड्डे करनाल पर पहुंचे और बस चालक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया।

ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशे के कारण घर और परिवार, समाज बहुत अधिक प्रभावित हो रहा है। घर बिखर रहे हैं। समय से पूर्व युवा नशे की दलदल में जाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने पर उतारू हैं।

उन्होंने आगे बताया कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर गुप्त सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर सकता है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गई।

**कार्यक्रम** | ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय में योग भट्टी का आयोजन

## हम जो भी करना चाहते हैं उसका दृढ़ संकल्प लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

#### माउंट आबू से पहुंचे राजयोगी रमेश जी ने दो दिन योग तपस्या भट्टी करवाई



प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर सात सेवा केंद्र में फरिश्ता स्वरूप ज्वालामुखी योग भट्टी का आयोजन किया गया। माउंट आबू से पहुंचे राजयोगी रमेश जी ने दो दिन योग तपस्या भट्टी करवाई। प्रथम दिन दीप प्रज्वलन कर भट्टी का शुभारंभ किया गया। भ्राता रमेश ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम जो भी करना चाहते है उसके लिए दृढ़ संकल्प करना चाहिए। अपने माइंड को कमांड देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें पशु पक्षियों के साथ-साथ वृक्षों, पत्तों व प्रकृति के पांचों तत्वों से भी बात करनी चाहिए। उनकी बात सुननी चाहिए। उन्हें शुभ वायब्रेशन देने चाहिएं। हमें सोचना चाहिए जो हो रहा है अच्छा हो रहा है और अच्छा ही होने वाला है। हमें हमेशा मुस्कुराकर बात करनी चाहिए। इस मौके पर राजयोगिनी प्रेम दीदी ने कहा कि जो बात अच्छी नहीं है उससे दूर रहना चाहिए। हियर नो इविल, सी नो इविल, टॉक नो इविल, थिंक नोइविल। हमें अपने संकल्पों पर मन बुद्धि पर अटेंशन रखना चाहिए। कोई भी नेगेटिव बात अंदर न जाने पाए। कार्यक्रम आयोजन बीके शिखा, शिविका, आरती, ज्योति, सारिका और चक्षु ने किया।

#### मौके पर यह रहे मौजूद

इस मौके पर विशेष रूप से रितेश विज, ज्ञान सरदाना, महिंद्र संधु, रामलाल कटारिया, कैप्टन आरके राणा, शाम सुंदर परूथी, जयगोपाल अरोड़ा, हरि कांबोज, ओमप्रकाश, रमेश, सुरेश, जसमेर सिंह, राजेंद्र हांडा, कृष्ण खन्ना, ललित सरदाना, जसबीर चौधरी, छवि चौधरी, सुनीता मदान, विमल मेहता, सरोज चावला, डा. कृष्ण चावला व हरि कृष्ण नारंग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### विवाहिता को प्रताड़ित किया, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत में सुसराल वालों ने विवाहिता को प्रताड़ित किया। वहीं विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति ईशू गर्ग, ससुर मनोज, सास सुनीता, देवर नितिन, चाचा बॉबी, पूजा, सचित पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवाहिता का आरोप है कि सुसराल वाले उसके साथ मारपीट करते थे और कई कई दिन तक कमरे में बंद कर भूखा रखते थे।

### मोनिका शिक्षा रत्न से सम्मानित

**पानीपत।** जैन किड्स स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका सहगल को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए नेशनल एजुकेटर समिट में पीसीएम राष्ट्रीय शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार पंजाब के एमिटी विश्वविद्यालय में पृथ्वी अभ्युदय एजुकेटर एसोसिएशन इंडिया पीएएआई द्वारा प्रदान किया गया। वहीं मोनिका को स्कूल मैनेजर सुभाष जैन व सहयोगी टीचर्स ने बधाई दी।

### युवक लापता, पुलिस ने केस दर्ज किया

**इसराना।** पानीपत के गांव मांडी स्थित ओम ईंट भट्ठा कंपनी पर काम करने वाला सतीश पुत्र संजय मूल निवासी नालंदा, बिहार तीन दिन से लापता है। सतीश 17 मई को बाल कटवाने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। इसराना पुलिस ने सतीश की माता क्रांति देवी की शिकायत पर केस दर्ज कर सतीश की तलाश शुरू कर दी है।

### पानीपत में योग दिवस की तैयारी शुरू

**पानीपत।** पानीपत में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर प्रशासन ने तैयारियां प्रारंभ कर दी है। कार्यक्रम को यादगार बनाने में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल व परिवहन विभाग को अहम भूमिका निभानी होगी। यह योग दिवस जिला स्तर, उपमंडल स्तर व खंड स्तर पर विशेष रूप से आयोजित होगा। योग दिवस कार्यक्रम से पूर्व प्रशिक्षण भी दिया जायेगा जो अलग-अलग कटैगरियों में होगा। उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने बताया कि कार्यक्रम के तहत 20 जून को सुबह सात से आठ बजे तक जिले में मुख्य कार्यक्रम के लिए पायलेट रिहर्सल होगी।

### स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें नारी : उपायुक्त

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यक्तिगत ऋण योजना शुरू की है, जिसके तहत बैंकों के माध्यम से एक लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। डीसी डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत कि 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाली व हरियाणा की स्थायी निवासी महिला इस योजना के लिए पात्र होंगी।

तहसीलदार सौरव शर्मा को ज्ञापन सौंपा

# केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने जुलूस निकाल प्रदर्शन किया

प्रदर्शनकारी हाथों में अपनी यूनियनों के लाल झंडे और बैनरों के साथ सड़कों पर कार्यकर्ता लाल सागर की तरह दिखाई दे रहे थे



**पानीपत।** ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारी तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं कर्मचारी फेडरेशनों के संयुक्त आवाह्न पर भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र व राज्य सरकार कि मजदूर, किसान और कर्मचारियों के खिलाफ बनाई गई गलत नीतियां और जन विरोधी आर्थिक नीतियों के खिलाफ जुलूस निकाल प्रदर्शन किया। वहीं, प्रदर्शनकारी हाथों में अपनी यूनियनों के लाल झंडे और बैनरों के साथ सड़कों पर कार्यकर्ता लाल सागर की तरह दिखाई दे रहे थे। प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक, सचिव राजपाल, कोषाध्यक्ष दिलावर राठी, उप प्रधान सीताराम शर्मा, सीटू जिला सचिव जय भगवान, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अमरीश त्यागी, जिला सचिव शिवकुमार अहलावत, नगर निगम कर्मचारी यूनियन के पूर्व जिला सचिव कृष्ण बागड़ी, आशा वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान बंटी, सचिव सुशीला, मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान निर्मला अहलावत, जिला सचिव कविता, किसान सभा के नेता कामरेड सेवा सिंह मलिक, एटक जिला प्रधान पवन सैनी आदि कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने लघु सचिवालय पर रोष प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम, मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा सरकार निदेशक के नाम लिखित ज्ञापन तहसीलदार सौरव शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

# राजकीय स्कूल में मेधावी छात्राएं हुई पुरस्कृत



**पानीपत।** राजकीय स्कूल, रजापुर की मेधावी छात्राएं अपने टीचर्स के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव रजापुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 12वीं कक्षा की मेरिट में आने वाली छात्रा मनप्रीत, कमलदीप व आरती तथा कक्षा दसवीं की हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में मेरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं अक्वांत कौर व अंशिका का फूल माला पहनाकर सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह ने अपने स्टाफ के साथ मेधावी छात्राओं को बधाई व उज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए कहा कि शिक्षा इंसान की तरक्की की राह है। वहीं हर परिवार को अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षित करना चाहिए। राजकीय स्कूलों में बच्चों को गुणवत्ता वाली संस्कारी शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने ग्राम रजापुर निवासियों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को राजकीय स्कूल में शिक्षित करें।

## सहायता समिति ने जरूरमंद बच्चे की फीस दी

**पानीपत।** गरीब परिवार सहायता समिति ने एसडी विद्या मंदिर में कक्षा पांच के जरूरतमंद छात्र की फीस का भुगतान किया।समिति पदाधिकारियों ने बताया कि छात्र के पिता का देहांत हो जाने के बाद उसके अभिभावक उसकी शिक्षा का खर्च वहन करने में समर्थ नहीं हैं, इसके मद्देनजर बच्चे की शिक्षा जारी रखने के उद्देश्य से समिति सदस्यों ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सहयोग से छात्र के शिक्षा शुल्क का भुगतान किया। इस अवसर पर पूर्व मेयर अवनीत कौर ने कहा कि जरूरमंद बच्चों की मदद का दौर आगे भी जारी रहेगा।

कार्यक्रम में बच्चों को क्लब की तरफ से रिफ्रेशमेंट दी गई

# इन्नर व्हील क्लब ने विद्यालय में विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** राजकीय स्कूल गांव बडौली के विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री भेंट करते हुए इन्नर व्हील क्लब की पदाधिकारीगण।

कला छोटे बच्चों को आकृतियों, रंगों और संरचनाओं की व्याख्या और विश्लेषण करना सिखाती है, जिससे कम उम्र से ही आलोचनात्मक सोच मजबूत होती है। इसी सोच को साकार करते हुए मंगलवार को इन्नर व्हील क्लब मिडटाउन की प्रधान डॉ. अनु कालड़ा जो कि खुद एक प्रसिद्ध कलाकार व डीएवी थर्मल के कला विभागाध्यक्ष हैं द्वारा गांव बडौली स्थित राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों को कला सामग्री आंबटित की जिसमे स्केच बुक्स, कलर्स व स्टेशनरी आदि भेंट किए।

इधर, बडौली स्कूल के ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक ने कहा कि बच्चों की आत्म-जागरूकता और पूर्णता की इच्छा बढ़ने के साथ कलात्मक निराशा काफी आम है। वहीं, प्रधानाचार्या सुशील कुमारी ने डॉ. अनु की इस पहल की प्रशंसा की। कार्यक्रम में बच्चों को क्लब की तरफ से रिफ्रेशमेंट दी गई। इस अवसर पर शमा शर्मा, समाज सेवी गोबिंद कालड़ा, रविंद्र सिंह, दीपिका धवन, मौसम देवी, उमेद सिंह, अंजलि शर्मा, मनीष कुमार आदि उपस्थित

55 प्रशिक्षुओं को नशे से दूर रहने व रक्तदान हेतु जागरूक करने बारे शपथ दिलवाई

# नशा मुक्त भारत बनाना रेडक्रास का उदेश्य : चन्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** रेडक्रास भवन में नशे के विरूद्ध शपथ ग्रहण करते हुए नागरिक।

पानीपत रेडक्रास में भवन में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 55 प्रशिक्षुओं को नशे से दूर रहने व रक्तदान हेतु जागरूक करने बारे शपथ दिलवाई गई। वहीं, सचिव गौरव राम करण ने बताया कि रेडक्रास सोसाइटी के भवन के प्रागंण में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिुक्षओं को रेडक्रास जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा पीड़ी देश का भविष्य है। प्रत्येक युवा को समाज सेवा में आगे आना चाहिये ताकि अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

हम रक्तदान से किसी अंजान व जरूरमंद व्यक्ति की जान को बचा सकते है। एक स्वस्थ व्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 65 साल के बीच में है व उसका वनज 50 किलोग्राम है और उसमें हिमोग्लोबिन की मात्रा 12.5 ग्राम या उससे अधिक है तथा उसके पिछले 6 महीने में कोई बड़ा आपरेशन या बीमारी का ईलाज ना हुआ हो, तो वह रक्तदान कर सकता है। एक स्वस्थ व्यक्ति साल में चार बार यानि 90 दिनों के अंतराल पर रक्तदान कर सकता है और किसी भी अंजान व जरूरमंद व्यक्ति की जान को बचा सकता है। इस अवसर पर रेडक्रास कम्पयूटर सेंटर निदेशक डॉ. सोनू सिंह, कला भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## लाडवा बस अड्डा से खाटूश्याम धाम रींगस के लिए चलाई स्पेशल बस



**लाडवा।** बस अड्डा से खाटूश्याम धाम रींगस के लिए चलाई गई स्पेशल बस को झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर विधानसभा के श्रद्धालुओं के लिए खाटू श्याम धाम रींगस के लिए स्पेशल बस सेवा को शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा लाडवा विधानसभा में रोडवेज विभाग के करोड़ों रुपए के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। बस स्टैंड लाडवा की रिपेयर व रिनोवेशन का कार्य चल रहा है, इस कार्य पर एक करोड़ 2 लाख रुपए खर्च होंगे। चार नए बस क्यू शैल्टर निवारसी कलौनी, बीड सौंटी, बिहोली, मथाना का निर्माण किया जा रहा है।

# विधायक प्रमोद विज व पार्षद तरूण का अभिनंदन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** विधाक प्रमोद विज व पार्षद तरूण गांधी का अभिनंदन करते हुए नागरिक। फोटो :हरिभूमि

मॉडल टाउन स्थित हीरो पार्क में हीरो पार्क वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा शहरी विधायक प्रमोद विज व वार्ड नंबर बीस के पार्षद तरुण गांधी का धन्यवाद समारोह कार्यक्रम हीरो पार्क में किया गया। जिसमें एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा शहरी विधायक व पार्षद तरुण गांधी, मंडलाध्यक्ष योगेश शर्मा का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।

इस अवसर एसोसिएशन के प्रधान हरीश मुटनेजा व समस्त कार्यकारिणी सदस्य व आस पास के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मंच संचालन मदन आजाद द्वारा किया गया। वहीं शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि 1 करोड़ 32 लाख की लागत से इस हीरो पार्क का सौन्दर्यकरण शुरु होगा। पार्क में योगा हाल, सिंथाटिक ट्रैक ओर फैंसी लाइट्स के अलावा और भी कल्याणकारी कार्य किए जाएंगे।

## देश, समाज, मानवता की सेवा करें छात्राएं : डॉ. लता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

चौधरी देवी लाल मेमोरियल पीजी महाविद्यालय गांव सिवाह में को केंद्र सरकार एवं हाइयर एजुकेशन द्वारा चलाए जा रहे अभियान राष्ट्र प्रथम के तहत विमेन सेल एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में छात्रों को राष्ट्र प्रेम के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रिंसिपल डॉ. सुमन लता द्वारा छात्राओं को बताया गया कि देश हमारे लिए सर्वोपरि होना चाहिए हमारे सभी कर्तव्य राष्ट्र हित के लिए हूं और देश को प्रगति के मार्ग पर ले जाने वाले हो हम इसी मिट्टी से जन्मे हैं और हमें इसकी सेवा करते हुए इसी में मिल जाना है और जीवन भर इसकी प्रगति के लिए प्रयास करना है। एनएसएस इंचार्ज प्रोफेसर पूनम कादियान ने वॉलंटियर्स को जोश पूर्ण आवाह्न द्वारा जागरूक करते हुए कहा की वर्तमान परिस्थितियों में हमारी जिम्मेदारी देश के प्रति बढ़ जाती है हमें अपने साथ साथ आसपास के लोगों को भी जागरूक और सुरक्षित रखना है। विमेन सैल इंचार्ज प्रोफेसर प्रियंका द्वारा भी सभी छात्राओं को अफवाह फैलानी वाली खबरों से दूर रहने और केवल आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त सूचनाओं पर ही विश्वास करने को कहा इन्फोर्मेशन वार, साइबर अपराधों का शिकार होने से बचाव के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कॉलेज का टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टॉफ उपस्थित रहा

डॉ. राजेश ने गीता के पांच सूत्र सिद्धांत को समझाया

# भगवद् गीता का अध्ययन करने से मिलते हैं अच्छे संस्कार: वर्मा

बच्चों को सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसनों के साथ-साथ सूक्ष्म व्यायाम की विधियां भी सिखाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा


**समालखा।** गीता परिवार के संस्कार एवं व्यक्तित्व विकास शिविर में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

गीता परिवार, हरियाणा द्वारा नवयुग पब्लिक स्कूल, जाटल रोड में आयोजित साप्ताहिक संस्कार एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का दूसरा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता परिवार की वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनीता खन्ना ने प्रभु चरणों में पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम का संचालन ममता वर्मा ने किया, जिन्होंने गीता परिवार के इतिहास और स्थापना की प्रेरक कथा को साझा किया।

उन्होंने बताया कि श्रीगोविंद देव गिरी महाराज द्वारा वर्ष 1986 में गीता परिवार की स्थापना की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में संस्कार,संस्कृति एवं चरित्र निर्माण को बढ़ावा देना है। ममता ने बताया कि गीता परिवार न केवल भारत में, बल्कि विश्व भर में सक्रिय है। वर्तमान में भारत भर में 39 वेद विद्यालय गुरूजी द्वारा संचालित किए जा रहे हैं, जहां बच्चें वेदों की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। वहीं, डॉ. राजेश भारद्वाज ने गीता के पांच सूत्र सिद्धांत को विस्तारपूर्वक समझाया साथ ही, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ भी करवाया। डॉ.बलजीत सिंह एवं प्रदीप कुमार ने बच्चों को सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसनों के साथ-साथ सूक्ष्म व्यायाम की विधियां भी सिखाईं। इस कार्यक्रम में मुकेश देशवाल, किरण मित्तल, सुशील ठाकुर, वरुण तिवारी सहित गीता परिवार के अन्य समर्पित कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिनके सक्रिय सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### सतलुज स्कूल के विद्यार्थियों ने मंदिर में टेका माथा

**शाहबाद।** मंगलवार को सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा प्री- नर्सरी से यूकेजी तक के लगभग 150 विद्यार्थियों ने ऋषि मार्कंडेश्वर मंदिर में माथा टेका। स्कूल के प्राचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने विद्यार्थियों को धर्म की विविधता के बारे में बताया और कहा कि स्कूल के माहोल से हटकर कभी-कभी ऐसे माहौल बनाने से बच्चों में खुशी की भावना बनी रहती है। मंदिर के पुजारी पंडित श्याम सुंदर व भजन लाल ने बच्चों को ऋषि मारकंडेय के महत्व के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने मंदिर में बहुत अच्छा समय बिताया और धार्मिक और सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त किया। बच्चों ने वहां पर भिन्न-भिन्न प्रकार के झूलों का भी आनंद लिया। इस अवसर पर एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, लखविंदर कौर, रितु सैनी, मोनिका सचदेवा, सतनाम कौर, हरविंदर कौर, सुदर्शना, भावना गुप्ता, अरुण रानी, बलजीत सिंह आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# समालखा में तिरंगा यात्रा निकाली


**समालखा।** समालखा में तिरंगा यात्रा निकालते हुए देशभक्त नागरिक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

- युवाओं में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली जा रही

भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकियों और पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब देते हुए आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। सेना के इस अद्भुत पराक्रम और शौर्य को सम्मान देने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सभी के साथ मिलकर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। पार्षद संजय ने बताया पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में 11 दिनों तक तिरंगा यात्रा आयोजित की जा रही है। यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है। भाजपा शहरी अध्यक्ष रेखा गोयल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की विजयगाथा को आमजन के मध्य ले जाने व सेना के पराक्रम को सलाम और युवाओं में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। पार्षद मनीष ने बताया कि यह यात्रा समालखा फ्लाईओवर शुरू हुई तथा रेलवे स्टेशन पर सम्पन्न हुई।

